उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001
सूचना / विज्ञप्ति

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023
लिखित परीक्षा का पुनः आयोजन

लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को परीक्षा के जनपद के आवंटन की अग्रिम सूचना

(Advance information For Allotment of Examination City)

संख्या–पीआरपीबी–एक–1(150) / 2023 दिनांक–अगस्त, 15 ,2024

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 हेतु समंख्यक विज्ञप्ति दिनांकित 23.12.2023 के अनुक्रम में लिखित परीक्षा का पुनः आयोजन उत्तर प्रदेश के 67 जनपदों के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 23, 24,25 अगस्त, 2024 तथा 30, 31 अगस्त, 2024 (पूर्वान्ह 10.00 बजे से मध्यान्ह 12.00 बजे तक एवं अपरान्ह 03.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक) के प्रत्येक दिवस को दो पालियों में किया जायेगा।

2– सभी अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा जनपद / नगर की सूचना का लिंक भर्ती बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर **दिनांक 16.08.2024** को सांयः 5:00 बजे प्रदर्शित किया जायेगा। अभ्यर्थी अपना पंजीकरण संख्या एवं जन्मतिथि के माध्यम से लॉगिन करके अपनी लिखित परीक्षा के परीक्षा जनपद / नगर सूचना पर्ची को डाउनलोड करके चेक कर लें। अभ्यर्थी इसमें दिए गये निर्देशों के साथ–साथ इस भर्ती की विज्ञप्ति दिनांकित 23.12.2023 को भी पढ़े।

3– अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि यह आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की लिखित परीक्षा के लिए **प्रवेश पत्र नहीं है।** अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए, यह उस जनपद के आंवटन के लिए एक अग्रिम सूचना है, जहॉ परीक्षा केन्द्र स्थित होगा।

4– आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) **अभ्यर्थी की परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि के 03 दिवस पूर्व** को बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर निर्गत किया जाएगा। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर अपना पंजीकरण संख्या तथा जन्मतिथि अंकित कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेगें। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु लिंक तत्समय बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जायेगा।

5– यदि किसी उम्मीदवार को आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के लिए परीक्षा शहर सूचना पर्ची को डाउनलोड करने/जांचने में कठिनाई होती है, तो वह हेल्पलाइन नम्बर–8867786192/9773790762 पर सम्पर्क कर सकता है।

6– यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/ निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

15.08.24

अपर सचिव (भर्ती)
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।